

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**कंगना रनोट का सिर कलम करने की धमकी**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 148 | बुधवार, 28 अगस्त 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

Android App on Google play | /ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


**टेम्पो चालक को आया मिर्गी का अटैक**

## टेम्पो ने 7 वाहनों को उडाया, चालक गिरफ्तार





**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-3 स्थित डर्बी होटल के सामने मंगलवार की दोपहर करीब 12.10 को एक बेकाबू टेम्पो ने रिक्शा स्टैंड पर खड़े चार रिक्शाओं को उड़ा दिया साथ ही तीन दुपहिया व कार को भी उड़ाया है।

इस घटना में लोगों को मामूली चोटें आयी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टेम्पो चालक को मिर्गी का अटैक आने से वो टेम्पो काबू नहीं कर पाया और उसने सड़क के किनारे खड़े 7 से 8 वाहनों को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

सेंट्रल पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में ले लिया है। यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और जमकर वायरल भी हो रही है। शहर में दुर्घटनाएं बढ़ रही है और यातायात व ट्रैफिक वार्डन कहीं ओर ही दिखाई दे रहे हैं।

# घनकचरा प्रबंधन में मनपा विफल

- खोखले वादे, योजना का अभाव
- नागरिकों के पैसे की बर्बादी



फाइल फोटो

**उल्हासनगर.** पिछले कई वर्षों से, उल्हासनगर महानगर पालिका घनकचरा को ठीक से प्रबंधित करने के लिए भारी खर्च कर रहा है. कभी रासायनिक विधि से, कभी वर्गीकरण से, कभी खाद बनाकर, कभी डंपिंग ग्राउंड को शहर से बाहर कर शहर को कचरा मुक्त बनाने के प्रशासन द्वारा खोखले वादे किये गये.

दरअसल, उल्हासनगर-1 में राणा कंपाउंड के पास डंपिंग ग्राउंड पहाड़ बन गया है. इसकी क्षमता खत्म हो गई, इसलिए दूसरा डंपिंग ग्राउंड ढूंढना पड़ा. यह डंपिंग उल्हासनगर 5 में गायकवाड़ पाड़ा के बनाया गया, लेकिन यहां भी वही समस्या, डंपिंग ग्राउंड का कचरा, बदबू और धुएं ने आसपास के नागरिकों के स्वास्थ्य को खतरे में डाल दिया है. कई बार इस डंपिंग ग्राउंड में आग लग चुकी है. नागरिकों के नजरिये से नगर निगम प्रशासन ठोस कचरा प्रबंधन के तहत परियोजना को क्रियान्वित करने में पूरी तरह विफल रहा है.

योजनाबद्ध तरीके से काम किया जाए तो शहर कचरे से मुक्त होगा. स्वच्छ, सुंदर, प्रदूषण मुक्त शहर देना मनपा प्रशासन का काम है नागरिकों को पर्यावरण. नागरिकों की भी अपेक्षा है कि जन-प्रतिनिधि इस बात पर ध्यान दें कि नागरिकों के धन का समुचित उपयोग हो तथा दुरुपयोग न हो.

### प्रतिदिन 8 लाख रुपये का भुगतान



उल्हासनगर मनपा ने लगभग 12 वर्षों के लिए कचरे के निपटान के लिए कोणार्क वेस्ट हैंडलिंग को ठेका दिया है. इस ठेकेदार को शहर के विभिन्न हिस्सों से कचरा इकट्ठा करने और उसे डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने के लिए प्रति दिन 4.5 लाख रुपये का भुगतान किया गया था. मात्र 13 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाली नगर पालिका के लिए यह व्यय बहुत अधिक था. अव्यवस्था का आलम यह है कि 30/3/2022 को उल्हासनगर मनपा की स्थायी समिति में यह प्रस्ताव पारित किया गया कि ठोस कचरा प्रबंधन का ठेका कोणार्क प्राइवेट लिमिटेड को 8 लाख रुपये प्रतिदिन की दर से 8 वर्षों के लिए पुनः दिया जाए. कॉन्ट्रैक्ट रेट के मुताबिक, ईंधन की कीमतें बढ़ने से यह लागत भी बढ़ी है.

हालांकि, मनपा प्रशासन का कहना है कि कचरे का उठाव ठीक से किया जाता है. लेकिन कुछ उपद्रवी नागरिक, दुकानदार फिर से गंदगी फैला देते हैं. जन प्रतिनिधियों का कहना है कि कूड़ा, डंपिंग ग्राउंड, साफ-सफाई को लेकर हम अक्सर प्रशासन से शिकायत करते हैं, लेकिन प्रशासन इस पर ध्यान नहीं देता.

### भारी खर्च के बावजूद स्थिति जस की तस

उल्हासनगर में कांग्रेस और मनसे के नेताओं ने प्रस्ताव को अत्यधिक और महानगर पालिका के लिए हानिकारक बताते हुए कई बार विरोध प्रदर्शन किया है. यह लागत आसपास की नगर पालिकाओं की तुलना में बहुत अधिक है. पवन माप पर इतना खर्च करने से भी स्थिति में कोई फर्क नहीं पड़ा है. शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर और गंदगी देखी जा सकती है. पिछले साल हालिया स्वच्छता सर्वेक्षण में उल्हासनगर शहर को देश में 94वां और राज्य में 27वां स्थान मिला था.

## शहापुर के जलाशय में डूब गया जिम ट्रेनर

**कल्याण.** कल्याण के एक जिम ट्रेनर शहापुर में एक जलाशय में बह गए, जब वह अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। किन्हावाली पुलिस द्वारा तलाशी अभियान के बाद उनका शव बरामद किया गया। यह घटना शाहपुर तालुका के शेनावे-खैरे इलाके में केरला विलेज फार्महाउस के आसपास हुई। ट्रेनर, जिसकी बाद में पहचान 24 वर्षीय विनायक वाजे के रूप में हुई, जलाशय में एक चट्टान से टकराने के बाद डूब गया। किन्हावाली पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि विनायक के साथ पिकनिक पर 10 से 12 दोस्त थे। उसने पानी की स्थिति को गलत समझा और छलांग लगा दी। विनायक एक बेहतरीन तैराक था और कल्याण के एक फिटनेस सेंटर में जिम ट्रेनर था।

उसके एक मित्र ने बताया कि मैंने उन्हें पानी के बहाव के बारे में सावधान रहने के लिए कहा और दुर्भाग्य से, हमने उसे खो दिया। जब विनायक छोटी दीवार से कूदा, तो वह धारा में एक चट्टान से टकराया और पानी के नीचे चला गया, और कभी बाहर नहीं आया। हमें लगा कि वह बाहर आ जाएगा, लेकिन 10 मिनट के बाद जब हमने उसे नहीं देखा, तो हमने ग्रामीणों को सूचित किया।

## खौफ के साए में डॉक्टर !

- सेंट्रल अस्पताल में पुलिस चौकी बनाने की मांग



**उल्हासनगर.** पिछले दिनों डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार, धमकी, मारपीट, विरोध आदि की घटनाएं हुई हैं. इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रकाश नाथानी ने की है. साथ ही सेंट्रल हास्पिटल में पुलिस चौकी स्थापित करने की भी मांग की।

सेंट्रल अस्पताल ठाणे जिले में प्रसिद्ध है और अस्पताल के बाह्य रोगी विभाग में प्रतिदिन 1,300 से अधिक मरीज पंजीकृत होते हैं। सेंट्रल अस्पताल में उल्हासनगर के साथ-साथ मुरबाड, शहापुर, अंबरनाथ, बदलापुर, कर्जत, कसारा और ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं। उल्हासनगर के बाद कल्याण, ठाणे और मुंबई के अस्पताल उनके लिए सुविधाजनक हैं।

कैंप नंबर-3 स्थित एक अस्पताल में प्रसव के दौरान महिला की मौत पर अस्पताल में तोड़फोड़, अस्पताल के सामने भूख हड़ताल, डॉक्टरों से मारपीट. डॉक्टरों को भी गिरफ्तार कर लिया गया. ऐसी ही घटना कैंप नंबर-3 और 4 के एक निजी अस्पताल में हुई।

जिला सर्जन डॉ. मनोहर बंसोडे के अनुसार अस्पताल में क्षमता से ज्यादा मरीजों का इलाज चल रहा है. मरीज के परिजनों द्वारा पहले भी दुर्व्यवहार व मारपीट की घटना हो चुकी है. अस्पताल में 24 घंटे पुलिस की सुरक्षा है. मरीज के परिजनों के स्वभाव को देखकर डॉक्टर डर के साये में हैं. उन्होंने आगे कहा कि सेंट्रल अस्पताल में प्रतिदिन जिले के ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों मरीज इलाज के लिए आते हैं. रात के समय भी यहां काफी भीड़ रहती है। इसलिए पुलिस सुरक्षा ही नहीं, पुलिस चौकी भी स्थापित हो जाए तो डॉक्टर बेखौफ अथक प्रयास करेंगे।

### शौचालय में लगे नल भी चोरी कर ले गए चोर

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नपा प्रशासन ने नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर शहर में अनेक स्थानों पर सर्व सुविधायुक्त फायवर की केबिन में अत्याधुनिक शौचालय बनावाकर स्थापित किए है. पिछले महीने ही यह शौचालय शुरू हुए है लेकिन चोरों की निगाह अब इन शौचालय पर है. अज्ञात चोरों ने अंबरनाथ पूर्व में लोकनगरी ब्रिज के पास लगे सुसज्जित शौचालयों के पानी के नल चुरा लिए हैं. पानी की टोटियां चोरी हो जाने से टंकी का पानी बह गया जिससे जरूरत पड़ने पर लोग शौचालय का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे है. सांसद शिंदे के आदेशानुसार नपा प्रशासन ने शहर में सर्वसुविधायुक्त शौचालय स्थापित किए है. अब छोटे चोरों ने सुसज्जित शौचालयों को अपना निशाना बनाना शुरू किया है.

## 'मच गया शोर' अंबरनाथनगरी में

- सभी पक्ष के नेताओं ने किया दहीहंडी उत्सव का आयोजन
- कई गोविंदा पथकों ने लिया भाग

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में सार्वजनिक दही हंडी महोत्सव भव्य स्वरूप से मनाया गया. पारंपरिक भजन, सांस्कृतिक, लावणी आदि का आयोजन किया गया. छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शिवसेना शिंदे गट के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर द्वारा जोरदार तरीके से दही हंडी उत्सव का आयोजन हुआ. जिसमें सांसद के अलावा शहर के कई नेताओं ने भाग लिया. शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक यहां पर बहुत ज्यादा भीड़ देखी गई.

भाजपा की ओर से याकूब सय्यद, गुलाब करंजुले आदि की ओर मटका चौक पर दही हंडी की मटकी ऊपर तक लगाकर दही काला उत्सव मनाया गया. भाजपा महिला अध्यक्षा सुजाता भोईर की ओर से शहर पूर्व में महिला गोविंदा पथकों के लिए दही हंडी लगाई गई थी. राष्ट्रवादी कांग्रेस अंबरनाथ शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल, सचिन पाटिल एवं पदाधिकारियों द्वारा हुतात्मा चौक पर दही हंडी महोत्सव मनाया गया. यहां पर भी कई गोविंदा पथकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. गोविंदा पथकों ने पांच से सात थर लगाए. हर एक गोविंदा पथक को पारितोषिक मान्यवरों के हाथों दिए गए.

बुवापाड़ा लादीनाका पर शिवसेना उत्तर भारतीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार चौबे, शैलेष यादव, गयानदर मिश्रा व अन्य द्वारा दही हांडी महोत्सव का आयोजन हुआ. विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने अपनी खास उपस्थिति दर्ज कराई. इसी तरह शिवसेना उद्धव ठाकरे के राजेश वानखेड़े, मनसे के शैलेष शिर्के व उनके साथियों द्वारा भी दही हंडी का आयोजन किया गया. उपरोक्त सभी उत्सव में कई गोविंदा पथक ने भाग लिया. शाम 5 से रात 10 बजे तक ये उत्सव शबाब पर रहा.

## 'हर हर हेमू' का स्पेशल शो आज

- वंडारसेठ पाटील फाउंडेशन द्वारा विशेष शो में तेजवानी मुख्य मेहमान






वंडारशेठ पाटिल



जगदीश तेजवानी

**उल्हासनगर.** सिनेमागृह में लगातार सफलतापूर्वक चल रही सुप्रसिद्ध सिंधी फिल्म 'हर हर हेमू' के स्पेशल शो का आयोजन आज डॉ वंडारसेठ पाटील फाउंडेशन के चैयरमैन एडवोकेट सुधीर वंडारसेठ पाटील द्वारा रखा गया हैं जिसमें मुख्य मेहमान के तौर पर उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी को आमंत्रित किया गया है. शो की सब पास बंट चुकी हैं. शो पूरी तरह से हाउसफुल चल रहा है।

ज्ञात हो कि हर हर हेमू दीपक वाटवाणी द्वारा निर्देशित 10वीं फ़िल्म जिसमें आज़ादी के लिये कैसे बलिदान दिया लेकिन संबंधों की गरिमा रख कर शहीद हेमू खुद फांसी पर चढ़ गए। आनेवाली पीढ़ी को भी कैसे प्रोत्साहित किया जाये यह भी फिल्म में दर्शाया गया हैं। सिन्धी भाषा, कला, सभ्यता व संस्कृति को बढ़ाने और उत्थान के अहम भूमिका निभाने वाले सिन्धी समाज के अनुयायी उल्हासनगर व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश तेजवानी मुख्य मेहमान के रुप में शामिल होकर कलाकारों की हौंसला अफजाई करेंगे।

## अंबरनाथ के 22 स्कूलों में मुफ्त लगाए जाएंगे CCTV

- एबीसी केबल ने अब तक 3 स्कूलों में लगाए गए कैमरे

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में एबीसी केबल के संचालक अनिल गायकवाड़ द्वारा 22 स्कूलों में मुफ्त में सीसीटीवी कैमरे, डीवीआर और 24 इंज का एलईडी टीवी लगाने का प्लान तैयार हो चुका है. अब तक शहर के तीन स्कूलों मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, भगिनीनी मंडल मराठी स्कूल और महंत शामलदास विद्यालय में 4-4 सीसीटीवी कैमरे, 8 कैमरों का डीवीआर, 24 इंज की टीवी लगा दिए गए हैं.

साथ ही इंटरनेट कनेक्शन भी लगाकर दिए जा रहे हैं. ताकि मुख्याध्यापक अपने मोबाइल से स्कूल पर गहरी निगरानी कर सकें. ऐसी जानकारी अनिल गायकवाड़ ने दी है. अभी तक उनके पास 22 स्कूलों ने सीसीटीवी लगाने के लिए निवेदन पत्र दिया है. उन्होंने बताया कि नेरल, माथेरान से भी तीन स्कूलों ने उनसे लिखित में स्कूल में सीसीटीवी लगाने की विनती की है. गायकवाड़ ने कहा कि वह पहले अंबरनाथ के स्कूलों में ये कार्य करेंगे.

विदित हो कि बदलापुर के आदर्श मराठी स्कूल में दो मासूम छात्राओं के साथ जो घिनौना कृत्य हुआ है. उस पर से राज्य सरकार शिक्षा विभाग ने हर एक स्कूलों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य किया है. अनिल गायकवाड़ सोचते हैं कि ऐसा घिनौना कार्य किसी भी स्कूल में ना हो इसके लिए वह स्कूलों में मुप्त में ये कार्य कर रहे हैं. उनके पास 12 नगर परिषद स्कूलों से भी विनती लेटर आ चुका है. उन्होंने इस कार्य के लिए 5 एक्सपर्ट की टीम तैयार की है. वह स्कूल का सर्वे करके हायडेफिनेशन वाला सासी कैमरे बिठाकर मुफ्त में इंटरनेट कनेक्शन भी दे रहे हैं. शहर के कई नेताओं, पालकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा करते हुए उनको बधाई दी है.

### पूर्व डीजीपी संजय पांडे के खिलाफ हफ्ता वसूली का मामला



**ठाणे.** विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे पूर्व पुलिस महानिदेशक संजय पांडे की मुश्किलें बढ़ सकती है. पांडे सहित 6 लोगों के खिलाफ ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में हफ्तावसूली का मामला दर्ज किया गया है. जिन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, उसमें एक रिटायर्ड सहायक आयुक्त एवं पुलिस निरीक्षक का समावेश है. आरोप है कि एक मामले की जांच में फंसाने के नाम पर पैसे की वसूली की गयी. मुंबई के व्यापारी संजय पुनमिया की तरफ से ठाणे नगर पुलिस स्टेशन में सोमवार की रात संजय पांडे के अलावा ठाणे के वकील शेखर जगताप, रिटायर्ड सहायक पुलिस आयुक्त सरदार पटेल, पुलिस निरीक्षक मनोहर पाटिल, श्यामसुंदर अग्रवाल, शुभम अग्रवाल एवं शरद अग्रवाल के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है.

## विधानसभा की हंडी महायुति फोड़ेगी -CM



**ठाणे.** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने टेंभी नाका के दही हांडी उत्सव में बोलते हुए दावा किया कि आगामी विधानसभा में महायुति दही हांडी तोड़ेगी. उन्होंने कहा कि विपक्ष कितनी भी आलोचना कर ले, हम आपके बल पर काम करते रहेंगे.

मंगलवार को ठाणे में टेम्बी नाका मित्र मंडल की ओर से दिघे साहब के सम्मान की दहीहंडी का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री शिंदे ने उत्सव में भाग लिया और गोविंदाओं और नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान दावा किया कि विपक्ष कितना भी आरोप लगाए, कितना भी रोना रोए, महायुति विधानसभा की हांडी फोड़ देगा.

हमारी सरकार ने लाड़की बहिन, लाड़का भाऊ, लाड़का शेतकरी और अब लाड़का गोविंदा जैसी योजनाएं शुरू कीं। लेकिन इन योजनाओं से विरोधियों के पेट में बल पड़ गए हैं, जिन पर वे लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि उनके पैरों तले की रेत खिसक गई है. उन्होंने दावा किया कि विपक्ष चाहे कितने भी आरोप लगाए, विधानसभा की हांडी को महागठबंधन ही तोड़ेगा.

हमारी सरकार आने के बाद सभी त्योहारों और उत्सवों को प्रतिबंधों से मुक्त कर दिया गया। गोविंदा ने अब प्रो गोविंदा हो गया है. सभी का बीमा करवाया गया है. उन्होंने हर गोविंदा से इस गेम को खेलते समय सावधान रहने की भी अपील की. उन्होंने यह भी कहा कि आनंद दिघे द्वारा शुरू किया गया यह त्योहार अब महाराष्ट्र में भी बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है.

## 'उद्योग के अवसर' शिविर का आयोजन

**नए बिजनेस के लिए कैसे सरकारी कर्ज हासिल करें - अधिकारी देंगे जानकारी**

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पश्चिम के महात्मा गांधी विद्यालय सभागृह में रविवार एक सितंबर को हिंदवी भारत संघ के निदेशक सत्यवर्धन बैरागी द्वारा एक शिविर का आयोजन किया गया है. इस शिविर में बेरोजगार युवाओं के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी कई योजनाओं की जानकारी एवं बेरोजगारों को एक लाख से पचास लाख तक का ऋण योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञ देंगे.

सत्यवर्धन बैरागी ने दै. उल्हास विकास को बताया कि रविवार सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक मार्गदर्शन एवं उद्घाटन एवं ढाई से 5 बजे तक व्यावसायिक मार्गदर्शन शिविर में सरकारी महकमे के अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी.

बैरागी के अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत सरकार से सब्सिडी और ऋण सहायता प्राप्त करने के काफी अवसर हैं. जिसका किसान व ग्रामीण में रहनेवाले नागरिक ले सकते हैं. मद्यकेंद्र के नाम से शुरू मधुमक्खी पालन योजना से जुड़नेवाले किसानों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है. मधुमक्खी पालन के लिए लगने वाले आवश्यक बाक्स प्राप्त करने के लिए 50 फीसदी सब्सिडी और 50 फीसदी कर्ज मिलने के अवसर हैं. साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल सम्मा योजना के लाभ किस तरह से लिए जा सकते हैं. इस क्षेत्र के विशेषज्ञ शिविर में मार्गदर्शन करेंगे. इस योजना में यदि 18 सदस्य जुड़े हों तो लाभ उठाया जा सकता है. हिंदवी भारत संघ के निदेशक सत्यवर्धन बैरागी ने उद्योग सहयोग शिविर में अधिक से अधिक नागरिकों एवं किसानों से उपस्थित होने की अपील की है.

## उल्हासनगर के व्यवसायी की वसई के पास हत्या

- कार में मिली लाश
- ड्राइवर पर हत्या का संदेह



रामचंद्र काकरानी



संदिग्ध आरोपी




इसी कार में मिली लाश

**उल्हासनगर.** मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर वसई फाटा के पास एक सुनसान इलाके में एक कार खड़ी थी. जिज्ञासावश जब उन्होंने कार के अंदर देखा तो उन्हें कार के अंदर एक शव मिला। नागरिकों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो पता चला कि शव उल्हासनगर निवासी और विरार पूर्व के चंदनसर स्थित एचपी पेट्रोल पंप के मालिक रामचंद्र काकरानी (उम्र 75) का था।

पुलिस का शुरुआती अनुमान है कि काकरानी की हत्या रविवार रात को हुई होगी. उस रात काकरानी हमेशा की तरह ड्राइवर के साथ अपनी निजी कार से विरार स्थित अपने पंप पर गए थे। रात करीब साढ़े 11 बजे उसने मैनेजर से 50 हजार रुपये लिए और घर के लिए निकला। हालांकि, उस रात वे घर नहीं पहुंचे। जब उसके परिवार ने उसकी तलाश की तो उसका मोबाइल फोन नागले गांव में मिला। इससे उनके अपहरण की आशंका जताई और नायगांव थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया गया. सोमवार दोपहर को काकरानी का शव उनकी ही कार में बंधा हुआ मिला।

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई है। पुलिस को आशंका है कि हत्यारे उसका शव कार में छोड़कर भाग गये होंगे. पुलिस जांच में काकरानी के ड्राइवर पर संदेह जताया गया है और आगे की जांच के लिए उससे गहन पूछताछ की जा रही है। साथ ही काकरानी की निजी जिंदगी से लेकर उनके वित्तीय लेन-देन की भी जांच की जा रही है. हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस की विभिन्न टीमें काम में जुट गई हैं।

### व्यापारी वर्ग में आक्रोश

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रमेश भामे ने कहा, "इस हत्या की जांच बहुत गहन है। हम सभी संभावित संभावनाओं की जांच कर रहे हैं और आरोपी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। इस घटना से खासकर व्यवसायी वर्ग में आक्रोश है. उल्हासनगर के व्यापारिक समुदाय ने पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है. इस जघन्य हत्याकांड को लेकर रामचन्द्र काकरानी के परिजनों ने न्याय की मांग की है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## सेल्फी का शौक है जानलेवा

तकनीक के विकास के साथ-साथ लोगों की सोच और व्यवहार में बदलाव आना स्वाभाविक है, लेकिन यह भी महत्त्वपूर्ण है कि इसके नतीजे सकारात्मक हों। यह देखने में आया है कि लोगों के बीच सोशल मीडिया के आभासी जगत में रातों-रात लोकप्रियता पाने की भूख लगातार बढ़ रही है। स्मार्ट फोन के कैमरे से हर थोड़ी देर में सेल्फी लेना और रील (कम अवधि के छोटे वीडियो) बनाकर उसे सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का शौक किशोरों और युवाओं पर इस कदर हावी हो रहा है कि वे इसके लिए अपनी जिंदगी को भी दांव पर लगा देते हैं। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में सेल्फी लेने के चक्कर में तीन विद्यार्थियों के गंगा के तेज बहाव में बह जाने की घटना बेहद दुखद है। इनमें एक छात्रा और उसके दो दोस्त शामिल थे, जो बिहार के पटना से वहां घूमने गए थे। सेल्फी लेने या रील बनाने के दौरान हादसे में मौत की खबरें आए दिन आती रहती हैं। कई बार इस तरह की हरकतों के दौरान वहां से गुजर रहे अन्य लोगों को भी दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है। मगर सोचने की बात यह है कि लोग ऐसी घटनाओं से सबक क्यों नहीं लेते हैं!

सोशल मीडिया पर सेल्फी और रील के जरिए चंद लोगों की वाहवाही बटोरने के लिए अपने साथ-साथ अन्य लोगों की जान को खतरे में डालना वास्तव में गंभीर मसला है। अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एम्स) के विद्यार्थियों की ओर से किए गए एक अध्ययन के मुताबिक, सेल्फी लेने के दौरान दुनिया में होने वाली मौतों के मामले में भारत पहले स्थान पर है।

किशोरों और युवाओं में बढ़ती जोखिम भरी प्रवृत्ति पर नियंत्रण पाने के लिए उनके अभिभावकों की भूमिका अहम है। परिजनों को अपने बच्चों को यह समझाना होगा कि उनकी जिंदगी परिवार वालों के लिए सेल्फी और सोशल मीडिया से ज्यादा जरूरी है। इसके साथ ही शासन और प्रशासन को भी चाहिए कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर व्यापक व स्पष्ट तौर पर चेतावनी चस्पां की जाए, जहां सेल्फी लेना जोखिम भरा हो सकता है। सार्वजनिक स्थलों पर नियमों को ताक पर रखकर सेल्फी लेने और रील बनाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जानी चाहिए। वैसे शौक को उचित नहीं कहा जा सकता, जो किशोरों और युवाओं के लिए जानलेवा साबित हो रहा हो।

# ताकि पेंशन सही मायने में दे सके सामाजिक सुरक्षा

बुजुर्गों के लिए पेंशन एक सामाजिक सुरक्षा है। नई पेंशन योजना (एनपीएस) में चूंकि शेयर बाजार या अन्य वित्तीय संस्थानों में निवेश का प्रावधान था, इसलिए इसमें पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) जैसी सुरक्षा नहीं थी। फिर, ओपीएस में सरकार अपने बजट से पेंशन देती थी, लेकिन एनपीएस में यह प्रावधान हटा दिया गया था और बाजार में निवेश के बाद मिले रिटर्न के अनुपात में पेंशन का लाभ दिया जाता था, जो रकम अमूमन पुरानी पेंशन से कम होती थी। यही कारण है कि सरकारी कर्मी नई पेंशन योजना का विरोध व पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग कर रहे थे।

यूपीएस के लाभ-हानि को समझने के लिए पेंशन की मूल संकल्पना को समझना आवश्यक है। भारत में 1930 के दशक में 58 साल में सेवानिवृत्ति की बात कही गई और वही पुरानी पेंशन योजना का आधार भी बनी। उस समय भारतीयों की औसत उम्र 35 साल होती थी। इसका मतलब था कि बहुत कम लोग ही 58 या 60 साल से अधिक जी पाते थे। ऐसे लोगों की संख्या बमुश्किल चार-पांच प्रतिशत होती थी। इस कारण सरकार को पेंशन भी बहुत कम लोगों को देनी पड़ती थी। अब भारतीयों की जीवन-प्रत्याशा काफी बढ़ गई है और 80-85 साल तक लोग जीने लगे हैं। इसका अर्थ है कि 60 साल में सेवानिवृत्त होने वाले व्यक्ति को अगले दो-ढाई दशकों तक सुरक्षा देने की अनिवार्यता है। यही विसंगति सरकारी खजाने पर भारी पड़ने लगी है और पेंशन नीति में सुधार की मांग होने लगी है।



इस समस्या का एक निराकरण हम शिक्षकों ने कुछ वर्ष पूर्व सुझाया था। दरअसल, हमारा मानना है कि जो लोग सरकारी सेवा में हैं, वे सेवानिवृत्ति के बाद या तो निजी क्षेत्र में काम करने लगते हैं या खुद का अपना कोई धंधा शुरू कर देते हैं। वे इतने कुशल होते भी हैं। यही कारण है कि हमने सेवानिवृत्ति की उम्र 70 साल करने की मांग की। शिक्षकों के लिए सेवानिवृत्ति की आयु 65 साल है और अगर वे चाहें, तो अगले पांच साल के लिए भी उनकी सेवा बरकरार रखी जा सकती है। इसका फायदा कर्मियों को भी होता है और सरकार को भी। सरकार को जहां तुलनात्मक रूप से कम वर्षों के लिए पेंशन देनी पड़ती है, वहीं ज्यादा साल तक सेवा देने के कारण कर्मियों की बचत ज्यादा होती है।

इसके खिलाफ एक तर्क यह दिया गया था कि इससे बेरोजगारों के लिए अवसर घट जाएंगे, इसलिए हमने श्रमबल में सरकारी कर्मियों की संख्या बढ़ाने का भी सुझाव दिया था। दरअसल, हमारे देश में करीब 60 करोड़ लोगों के हाथों में रोजगार है, जिनमें से 1.8 करोड़ सरकारी मुलाजिम हैं, यानी कुल कामगारों में तीन प्रतिशत हिस्सा ही सरकारी कर्मचारियों का है, जबकि अन्य देशों में यह आंकड़ा छह से लेकर 10 प्रतिशत तक है। ऐसे में, अगर हम श्रमबल में सरकारी कर्मियों की संख्या बढ़ाने का काम करें, तो नौजवानों को रोजगार भी मिलेगा और सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ने का कथित नुकसान भी नहीं होगा। सरकार चाहे, तो इसकी शुरुआत उन 10 लाख सरकारी पदों को भरने के साथ कर सकती है, जो इस वक्त रिक्त पड़े हुए हैं। रही बात संसाधन जुटाने की, तो इसके लिए प्रत्यक्ष कर और जीडीपी का अनुपात बढ़ाने पर काम होना चाहिए। यह अनुपात अभी सवा छह प्रतिशत ही है। संसाधान जुटाकर हम असंगठित क्षेत्र को भी पेंशन का लाभ दे सकेंगे।

इसी कारण एकीकृत पेंशन योजना में सुधार की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसमें न सेवानिवृत्ति-आयु बढ़ाने की बात कही गई है और न प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात को लेकर कुछ कहा गया है। फिर अन्य पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जाति/ जनजाति के नौजवान 35-40 साल तक सरकारी नौकरी के लिए पात्र होते हैं, तो 58 या 60 साल में सेवानिवृत्ति से 25 साल तक वे सेवा देने में सक्षम नहीं होंगे और पूर्ण पेंशन का लाभ नहीं उठा सकेंगे। इसी तरह, न्यूनतम 10 साल की सेवा देने वालों को 10 हजार रुपये पेंशन देने की बात इसमें कही गई है, पर मुमकिन है, इस अवधि के बाद लोग बेहतर मौके की तलाश में जुट जाएं और दोनों लाभ उठाने लगें। जाहिर है, इन विसंगतियों को दूर करके ही हम सामाजिक सुरक्षा का सही लाभ कर्मचारियों को दे सकेंगे।




संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

अध्यात्म कोई दिमागी ज्ञान नहीं है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# फिल्म इंडस्ट्री से उठा शोषण का पर्दा

मलयालम फिल्म उद्योग को लेकर एक धारणा रही है कि केरल में होने के नाते वहां की स्थितियां बेहतर होंगी, महिलाओं के लिए अपेक्षया ज्यादा सहज और अनुकूल माहौल होगा। मगर कुछ महिला कलाकारों के आरोप के बाद अब जो मामले उजागर हो रहे हैं, उससे यही लगता है कि पर्दे पर प्रगतिशील और महिलाओं के हक में दिखने वाली फिल्मी दुनिया का भीतरी ढांचा कई स्तर पर महिलाओं के खिलाफ बहुस्तरीय शोषण की शर्मनाक तस्वीर भी छिपाए हुए है।

मलयालम फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों के शोषण के मसले पर 2017 में गठित न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट के अब सामने आने के बाद कुछ पुराने मामले भी उभर रहे हैं। गौरतलब है कि एक अभिनेत्री ने मलयालम फिल्मों के एक निर्माता रंजीत पर अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया, जिसके बाद रविवार को रंजीत ने केरल चित्रकला अकादमी के प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया। वहीं एक अन्य अभिनेत्री के यौन उत्पीड़न के आरोप के बाद अभिनेता सिद्दीकी ने 'एसोसिएशन आफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया।

यों आरोपों के घेरे में आने वाली हस्तियों ने सच्चाई सामने आने का इंतजार करने का हवाला दिया है, मगर इस मसले पर गठित समिति की रपट में जो हकीकत सामने आई है, उसके बाद किस तरह के सच की उम्मीद की जा सकती है! संभव है कि आरोप और उसके साबित होने के बीच लंबा फासला हो। यह भी परिस्थितियों पर निर्भर करता है कि फिल्म में काम पाने के लिए किसी महिला को मजबूरी में जो समझौते करने पड़े, शोषण



या भेदभाव के मसले पर चुप रहना पड़ा, उसके काफी समय बीत जाने के बाद आरोप उसी रूप में साबित हो सकें।

मगर मलयालम फिल्मों की दुनिया में महिलाओं के साथ होने वाले अनुचित व्यवहारों को हेमा समिति ने जिस शक्ल में दर्ज किया है, उससे साफ है कि पर्दे पर दिखने वाली प्रगतिशील कहानियों का नेपथ्य महिला कलाकारों के लिए उतना ही अनुकूल नहीं रहा है। वैसी स्थिति की कल्पना भी बेहद तकलीफदेह है जिसमें किसी महिला को उस व्यक्ति की पत्नी की भूमिका निभानी पड़ी, उसे गले लगाना पड़ा, जिसने एक दिन पहले उसका यौन उत्पीड़न किया था।

ऐसी न जाने कितनी घटनाएं काम नहीं मिलने और यहां तक कि प्रतिबंध लगाए जाने के हालात और मजबूरी के दुख में दब कर रह जाती होंगी और पर्दे पर चलती कहानियों के आधार पर फिल्म जगत की भीतरी दुनिया के बारे में लोग सकारात्मक राय बनाते होंगे। मगर उस दुनिया में महिलाओं के लिहाज से हकीकत कई बार उलट भी हो सकती है। किसी फिल्म की कहानी महिलाओं से होने वाले भेदभाव, उनके शोषण से जुड़े मुद्दे उठाती दिख सकती है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि इसके निर्माण से जुड़े समूह में महिलाओं के हक और सम्मान का भी उतना ही खयाल रखा गया हो।

हिंदी फिल्म उद्योग में महिला कलाकारों और खासतौर पर फिल्मी दुनिया में जगह बनाने पहुंची नई युवतियों को कैसी विपरीत परिस्थितियों और कई बार शोषण का सामना करना पड़ता है, इससे संबंधित खबरें पहले भी आती रही हैं। एक अघोषित चलन के तौर पर 'कास्टिंग काउच' नई महिला कलाकारों के लिए क्या साबित होता होगा, इसकी कल्पना की जा सकती है। यह देखने की बात होगी कि न्यायमूर्ति हेमा समिति की रपट में जो सामने आया है, उसमें बदलाव के लिए सरकार और खुद फिल्म जगत क्या करता है!

# दुल्हन को रॉकेट पर बिठाकर आसमान में उड़ गया दूल्हा!

शादी-ब्याह के मौके पर इंसान को बहुत कुछ ऐसा दिख जाता है, जो उनके लिए यादगार बन जाता है. ऐसे ही कुछ पलों में से एक होते हैं जयमाला के दौरान रिकॉर्ड होने वाले वीडियो और विदाई के पल. इस वक्त एक ऐसी ही दिलचस्प विदाई का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखते ही आप खुद को रोक नहीं पाएंगे और लोट-लोटकर हंसने लगेंगे.

क्रिएटिविटी के नाम पर सोशल मीडिया पर क्या-क्या देखने को मिलता है, उसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते. आपने शादी के बहुत से ऐसे वीडियो देखे होंगे, जो

## जरा हट के

कमाल के होते हैं. कई बार तो ऐसे पल भी कैमरे में कैद हो जाते हैं, जो चेहरे पर अपने आप ही मुस्कान बिखेर देते हैं. आज आप जो देखने जा रहे हैं, वो शायद ही पहले कभी देखा या सुना होगा.



वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि दूल्हा-दुल्हन की विदाई होने जा रही है. आमतौर पर आपने दुल्हनों को गाड़ियों या डोली में विदा होकर जाते देखा होगा. यहां मामला अलग ही है. दूल्हा एक बड़ा सा दीपावली वाला रॉकेट लेकर खड़ा है. वो खुद उस पर आगे बैठा है और दुल्हन को भी अपने पीछे बिठा लेता है. इसी बीच एक आदमी आकर उसमें पीछे से आग लगा देता है. इतना होते ही आप देखेंगे की रॉकेट उड़ जाता है और दूल्हा-दुल्हन उस पर उड़ते हुए आसमान में पहुंच जाते हैं.

वीडियो को X पर @Masterji_UPWale नाम के अकाउंट से इस वीडियो को शेयर किया गया है. महज 34 सेकंड के इस वीडियो को अब तक 9 लाख से ज्यादा लोगों ने देखा है, जबकि हजारों लोग इसे लाइक कर चुके हैं. वीडियो देख चुके एक यूजर ने लिखा- अब मस्क इनसे इस तकनीक के लिए संपर्क करेंगे. दूसरे यूजर ने लिखा- ये है हनी मून. एक अन्य यूज़र ने लिखा- ऐसी एडिटिंग करने वालों को सौ तोपों की सलामी.

# हंसना दिल के लिए भी लाभकारी

**हार्ट को कैसे स्वस्थ रखा जाए, इस बारे में किए गए एक अध्ययन में बताया गया है कि हंसने की आदत इसमें आपके लिए काफी मददगार हो सकती है। हंसी के अपने फायदे हैं। यह मूड को बेहतर बनाने और संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकती है।**



जापान के यामागाटा विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने यह अध्ययन किया। इसमें 40 या उससे कम उम्र के 17,152 लोगों और उनके हंसने के पैटर्न को ट्रैक किया गया। कई पैरामीटर्स पर किए गए इस अध्ययन की रिपोर्ट में पाया गया कि हंसने की आदत दिल की सेहत को बेहतर बनाने में मददगार हो सकती है।

इस अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर शोधकर्ताओं ने जापानी सरकार को वहां के नागरिकों के लिए रोजाना हंसने के तरीके अपनाने के लिए प्ररित भी किया है।

### ■ अध्ययन में क्या पता चला?

प्रिवेंटिव मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि हंसी की आवृत्ति बढ़ाने से हृदय स्वास्थ्य में तो सुधार होता ही है साथ ही ये आदत हमें लंबे समय तक जीने में भी मदद कर सकती है। ये सभी उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद आदत पाई गई है। यही कारण है कि कई देशों में लाफ्टर क्लब की संख्या बढ़ती जा रही है जहां पर लोग एक साथ मिलकर हंसते हैं।

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के प्रोफेसर रॉबिन डनबर ने वर्षों तक हंसी के शारीरिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों का अध्ययन किया। वह कहते हैं कि हंसने से मूड अच्छा होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। जब हम पेट पकड़कर हंसते हैं, तो पसलियों के तनाव से एंडोर्फिन के स्राव में मदद मिलती है, जो दर्द को कम करने, हमें आनंदित महसूस कराने और हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है।

### ■ हंसना हृदय के लिए कैसे फायदेमंद है?

शोधकर्ताओं ने बताया कि तनाव, अवसाद और अकेलेपन जैसी स्थितियों का आपके दिल पर लगातार नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जब आप क्रोधित होते हैं या चिंता में रहते हैं तो आपका शरीर स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है जो सूजन और मांसपेशियों में ऐंठन को बढ़ाती है जिससे हार्ट की समस्याएं ट्रिगर हो सकती हैं। स्ट्रेस हार्मोन हार्मोन संवहनी शिथिलता को बढ़ावा देती हैं जिससे हृदय रोगों का जोखिम बढ़ा जाता है।

वहीं हंसी तनाव से जुड़े कई नकारात्मक लक्षणों को कम करने में मदद करती है। जब आप हंसते हैं, तो शरीर एंडोर्फिन नामक हार्मोन जारी करता है। ये हार्मोन आपको अच्छा महसूस कराते हैं और नकारात्मक भावनाओं को रोकते हैं।

### ■ क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

हंसी जहां हमारे स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में योगदान देती है, वहीं सामाजिक व्यवहार में भी इसके लाभ हैं। इंस्टीट्यूट फॉर कॉग्निटिव न्यूरोसाइंस की निदेशक सोफी स्कॉट ने कहा कि जब हम ऐसी परिस्थितियों में आते हैं जहां परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर हंस रहे होते हैं तो यह हमें एक दूसरे के और नजदीक लाने में मददगार हो सकती है। हंसी हमारे रिश्तों की गुणवत्ता को बेहतर बनाती है, इससे हमारा दिल युवा और स्वस्थ महसूस करता है।

# आलू कुरकुरे

खाना-खजाना

आलू कुरकुरे एक ऐसी फूड डिश है जिसे देखकर ही बच्चों के चेहरों पर मुस्कान आ जाती है. अगर कभी आपने आलू कुरकुरे नहीं बनाए हैं तो हमारी बताई विधि की मदद से इसे बेहद आसानी से तैयार कर सकते हैं.

### सामग्री

- आलू-4-5
- लाल मिर्च-1/2 टी स्पून
- अमचूर-1/2 टी स्पून
- हींग-1 चुटकी
- जीरा-1 टी स्पून
- धनिया पाउडर-1 टी स्पून
- जीरा पाउडर-1/2 टी स्पून
- हरी धनिया पत्ती-2 टेबलस्पून
- कसूरी मेथी-1/2 टी स्पून
- नींबू रस-1 टी स्पून
- तेल-जरुरत के मुताबिक
- नमक-स्वादानुसार

### बनाने की विधि

स्वाद से भरपूर आलू कुरकुरे बनाने के लिए सबसे पहले मीडियम साइज के आलू लें और उन्हें पानी में धोकर ठीक से साफ कर लें, जिससे ऊपर की गंदगी पूरी तरह से निकल जाए. इसके बाद आलू को सूती कपड़े से पोछकर लंबे टुकड़ों में काट लें. अब कड़ाही में तेल डालें



और उसे गर्म करें. जब तेल गर्म हो जाए तो उसमें हींग और साबुत जीरा डालकर भूनें, इस दौरान गैस की फ्लेम मीडियम ही रहने दें.

जीरा जब चटकने लगे तो उसमें कटे आलू के टुकड़े डालें और चम्मच की मदद से चलाते हुए फ्राई करें. आलू को तब तक फ्राई करना है जब तक कि उनका रंग हल्का सुनहरा होकर आलू क्रिस्पी न हो जाएं. जब तक आलू फ्राई हो रहे हैं उस बीच हरी धनिया पत्ती भी बारीक काट लें. आलू अच्छी तरह से पकने के बाद उसमें धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और नमक डालकर मिक्स करें. इसके बाद 4 से 5 मिनट तक आलू को फ्राई होने दें, इसके बाद आलू में कसूरी मेथी मसलकर डाल दें और फिर गैस बंद कर दें. अब तैयार आलू कुरकुरे सर्विंग बाउल में निकालें और उनके ऊपर नींबू का रस डालकर चम्मच से ठीक ढंग से मिला लें. आखिर में कुरकुरे आलू के ऊपर हरी धनिया पत्ती डालकर गर्मागर्म सर्व करें.

# सुबह तुलसी का पानी पीने से मिलेगा गजब का रिजल्ट

भारत में तुलसी पौधे की पूजा सदियों से की जा रही है। इसके औषधीय गुणों के कारण इसका इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। तुलसी की पत्तियों का सेवन खास तरह से रोजाना किया जाए तो इससे हेल्थ को खूब फायदे मिल सकते हैं। तुलसी को सिर्फ पानी में कुछ देर छोड़ कर उसका पानी पीने से ही शरीर में कई तरह के फायदे मिलते हैं।



### ■ तनाव होगा दूर

तुलसी की पत्तियों में एडाप्टोजेन्स की अच्छी मात्रा होती हैं जो आपके शरीर में तनाव के लेवल को कम करने में मदद करती हैं। यह आपके तंत्रिका तंत्र को आराम देने और ब्लड फ्लो को बढ़ाने में भी मदद करती हैं। इससे इंद्रियों को शांति मिलती है और तनाव कम करने में मदद मिलती है।

### ■ पाचन को मिलता है बढ़ावा

जब नियमित रूप से तुलसी के पानी को पिया जाता है, तो इससे मल त्याग में सुधार होता है जिससे पाचन में आसानी होती है। यह एसिड रिफ्लक्स को संतुलित करता है और पीएच लेवल को बनाए रखता है। इससे पाचन स्वस्थ रहता है।

### ■ सांसों की बदबू से निपटने में मदद

इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण सांसों की दुर्गंध को दूर कर सकते हैं। सुबह-सुबह इस पानी को पीने से आपका मुंह फ्रेश महसूस करें।

### ■ इम्युनिटी बूस्टर की तरह करता है काम

यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। यह आपके शरीर को अलग-अलग संक्रमणों से बचा सकता है। ये बैक्टीरिया और वायरस से लड़ता है। साथ ही हेल्दी इम्यूनिटी की कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देता है।

### ■ वजन घटाने में मदद करता है

तुलसी पाचन में मदद करती है और आपके शरीर से टॉक्सिंस को भी बाहर निकालता है। रोजाना अगर कोई व्यक्ति इसे पीता है तो इससे शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे वजन घटाने भी कम होता है।

# 30 मिनट जॉगिंग करने पर कितना वजन होगा कम?

फिट रहने के लिए लोग खाने पीने में बदलाव के साथ ही एक्सरसाइज पर ध्यान देते हैं। एक्सरसाइज एक तरीका है जिसकी मदद से आप खुद को एक्टिव रख सकते हैं। कुछ लोग वजन घटाने के लिए भी रूटीन में एक्सरसाइज को शामिल करते हैं। वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो रनिंग या फिर जॉगिंग करते हैं। जॉगिंग करने से हेल्थ को कई तरह के फायदे मिल सकते हैं। यहां जानिए कि रोजाना 30 मिनट जॉगिंग करने पर कितना वजन कम होगा।



### ■ क्या होती है जॉगिंग

कुछ लोग जॉगिंग और रनिंग को एक मानते हैं जबकि दोनों अलग हैं। जॉगिंग धीमी या इत्मीनान से चलने वाली एक तरह की दौड़ है। इसका उद्देश्य तेज दौड़ने की तुलना में शरीर पर कम तनाव के साथ शारीरिक फिटनेस बढ़ाना है।

### ■ जॉगिंग के हेल्थ बेनिफिट्स

1) **हार्ट हेल्थ**- जॉगिंग एक बेहतरीन कार्डियो वर्कआउट है, जो दिल संबंधी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकती है।

2) **वेट मेनेजमेंट**- जॉगिंग आपको हेल्दी वजन बनाए रखने और कैलोरी बर्न करने में मदद कर सकती है।

3) **मांसपेशियों और हड्डियों की मजबूती**- जॉगिंग एक वजन उठाने वाली एक्सरसाइज है, जो खासतौर से आपके निचले अंगों की हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है।

4) **मानसिक स्वास्थ्य**- जॉगिंग आपके स्ट्रेस को मैनेज करने, आपके मूड को बेहतर बनाने और सोने में मदद कर सकती है। यह चिंता संबंधी परेशानियों और पैनिक अटैक से निपटने में मदद कर सकता है।

5) **बढ़ेगी एनर्जी**- जॉगिंग आपकी सहनशक्ति में सुधार कर सकता है। ये आपकी एनर्जी के लेवल को बढ़ा सकता है।

### ■ 30 मिनट जॉगिंग करने पर कितना वजन होगा कम?

रिपोर्ट्स की मानें तो 30 मिनट तक एक आसान जॉगिंग करने में 223 से 400 या इससे ज्यादा कैलोरी बर्न हो सकती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बीतेगा। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। धनहानि हो सकती है।

**वृष :** पार्टनरों का सहयोग समय पर मिलने से प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक-ठीक चलेगा। आय में वृद्धि होगी। चोट व रोग से बाधा संभव है। दूसरों के काम में दखलंदाजी न करें। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त से बड़ा लाभ हो सकता है।

**मिथुन :** मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। पार्टी व पिकनिक की योजना बनेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क :** जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी न करें। घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा। बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी।

**सिंह :** मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। कर्ज में कमी होगी। संतुष्टि रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। अपना प्रभाव बढ़ा पाएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। प्रयास सफल रहेंगे। बड़े कार्य की समस्याएं दूर होंगी।

**कन्या :** घर-बाहर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। वस्तुएं संभालकर रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यवसाय में जल्दबाजी से काम न करें। चोट व दुर्घटना से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**तुला :** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें। उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** आय में निश्चितता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था नहीं होने से परेशानी रहेगी। व्यवसाय में कमी होगी। नौकरी में नोकझोंक हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। थकान महसूस होगी। अपेक्षित कार्यों में विघ्न आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**धनु :** व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। धनार्जन होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। अज्ञात भय व चिंता रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बगैर मांगे किसी को सलाह न दें। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर :** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कुंभ :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। दूसरे के काम में दखल न दें। पूजा-पाठ व सत्संग में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे।

**मीन :** व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्र व संबंधी सहायता करेंगे। आय बनी रहेगी। जोखिम न लें। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। पुराना रोग बाधा का कारण रहेगा। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### नाबालिगों संग अननेचुरल सेक्स, सीसीटीवी में कैद हुईं हरकतें, आरोपी गिरफ्तार

**मेरठ.** मेरठ जिले से एक व्यक्ति की घिनौनी हरकत सामने आई है। अधेड़ उम्र का यह व्यक्ति कई नाबालिगों और युवकों को अपना शिकार बना चुका है। अधेड़ नाबालिगों के साथ कुकर्म करता था। कुछ के साथ अप्राकृतिक संबंध भी बनाता था। इस दौरान अधेड़ सबका वीडियो भी बनाता था। इसके बाद नाबालिग और युवकों को ब्लैकमेल करके उनसे रुपये भी ऐंठता था। अधेड़ अब तक 15 से ज्यादा लोगों के साथ शोषण कर चुका है। सीसीटीवी फुटेज में अधेड़ की हरकतें भी कैंद हुई हैं जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। हालांकि हम वायरल फुटेज आपको नहीं दिखा सकते। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### पति से विवाद के बाद दो बेटियों के साथ कुंए में कूदी पत्नी, महिला बची, मासूमों की मौत

**सोनभद्र.** सोनभद्र में पति से विवाद के बाद पत्नी ने खौफनाक कदम उठाया है। अपनी दो मासूम बेटियों को लेकर महिला कुएं में कूद गई। पानी में डूबने से दोनों बच्चियों की मौत हो गई। अचानक पानी का दबाव ऊपर होने से महिला बच गई। वह खुद ही बार निकल आई। घर पहुंचकर लोगों को घटना की जानकारी दी तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने लताड़ लगाई तो फांसी लगाने की कोशिश की। इस पर किसी तरह परिजनों से समझाया। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों मासूमों के शव कुएं से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सूदखोरों से त्रस्त परिवार ने पीया जहर, भतीजी व किसान की मौत, भाभी की हालत नाजुक

**इटावा.** इटावा में कर्ज में डूबे किसान ने सूदखोरों से त्रस्त होकर मानसिक तनाव में आकर जहर मिली कोल्डड्रिंक परिवार सहित पी ली। इससे मासूम भतीजी औ किसान की मौत हो गई, विधवा भाभी की हालत नाजुक बनीं हुई है। किसान पर तीन लाख रुपये कर्ज था। सूदखोर लगातार पैसे वापसी का दबाव बना रहे थे।

थाना सैफई क्षेत्र में गांव भदेई में रहने वाले वीरेंद्र सिंह के 28 साल के बेटे दयाशंकर की पत्नी अपनी 13 महीने की बेटी के साथ मायके में फिरोजाबाद रहती है। किसान यहां अपनी विधवा भाभी 30 वर्षीय पूजा व 13 महीने की अपनी मासूम बेटी शिवि के साथ रहता था। सोमवार की दोपहर में घर पर कोल्डड्रिंक में सल्फास मिलाकर पहले भाभी व भतीजी को पिलाई और खुद भी पी ली। इससे तीनों की हालत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गए।

# 11 साल बाद आसाराम जेल से बाहर

- इलाज के लिए जोधपुर से पुणे रवाना
- डॉक्टर और सहायक के अलावा किसी से मिल नहीं पाएगा

**जोधपुर.** नाबालिग के साथ यौन शोषण के आरोप में जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा आसाराम आज इलाज के लिए पुणे रवाना हो गया है। आसाराम 11 साल बाद जेल से बाहर आया है। आसाराम सात दिन तक पुणे में खपोली स्थित माधव बाग हॉस्पिटल में हार्ट का इलाज करवाएगा। बता दें कि आसाराम को 13 अगस्त को राजस्थान हाईकोर्ट ने सात दिन की पैरोल दी थी। पैरोल की अवधि को हॉस्पिटल में पहुंचने के समय से गिना जाएगा। आसाराम के साथ उसकी सेविका शिल्पी भी थी।

आसाराम जिस एंबुलेंस से एयरपोर्ट पहुंचे, उसे स्पेशल गेट से एंट्री दी गई। इस गेट से एयर एंबुलेंस के माध्यम से क्रिटिकल मरीज को ही ले जाया जाता है। एंट्री के बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी की गाड़ी में बैठाया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की गाड़ी से व्हीलचेयर के माध्यम से इंडिगो की फ्लाइट में बोर्ड करवाया गया।



आसाराम 2 बजकर 20 मिनट की इंडिगो फ्लाइट से मुंबई के लिए रवाना हुआ। उसके साथ जोधपुर पुलिस के जवान और दो अटेंडेंट भी हैं। पहले आसाराम के एयर एंबुलेंस से जाने की बात सामने आई थी।

आसाराम की ओर से कई बार पैरोल के लिए याचिकाएं लगाई गई थीं। पहली बार इलाज के लिए 13 अगस्त को जज पुष्पेंद्र भाटी और मुन्नारी लक्ष्मण की खंडपीठ ने जोधपुर एम्स की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर सात दिन की पैरोल दी। आसाराम की ओर से हमेशा यह दलील दी जाती रही है कि वह सिर्फ और सिर्फ आयुर्वेद इलाज करवाएगा।

हाईकोर्ट के आदेश में साफ तौर पर कहा गया है कि आसाराम इलाज के दौरान किसी से मिल नहीं सकेगा। डॉक्टर और उसकी सुविधा के अनुसार सहायक के अलावा कोई साथ नहीं रहेगा। आसाराम का जिस निजी कमरे में इलाज होगा, वहां 24 घंटे पुलिस का पहरा रहेगा। पैरोल के लिए आसाराम की ओर से व्यक्तिगत रूप से 50 हजार रुपए का बांड भरा गया है। इलाज और आने-जाने का पूरा खर्च आसाराम ही उठाएगा।

# चंपाई सोरेन BJP में शामिल होंगे

## दिल्ली जाकर अमित शाह से मिले; हेमंत सोरेन कैबिनेट से आज दे सकते हैं इस्तीफा

**रांची.** झारखंड के पूर्व CM चंपाई सोरेन 30 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल होंगे। असम के CM हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार रात सोशल मीडिया X पर लिखा- चंपाई सोरेन ने कुछ देर पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वे रांची में आधिकारिक रूप से भाजपा में शामिल होंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली में 25 अगस्त को गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद चंपाई को जेड प्लस सुरक्षा दे दी गई है। झारखंड पहुंचने के बाद वे इसी



सुरक्षा घेरे में रहेंगे। चंपाई कल यानी 28 अगस्त को झारखंड कैबिनेट से इस्तीफा दे सकते हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के बड़े आदिवासी नेता चंपाई करीब 5 महीने तक झारखंड से मुख्यमंत्री रहे। मौजूदा सीएम हेमंत सोरेन जब जमीना घोटाला केस में जेल गए तो उन्होंने ही चंपाई को जिम्मेदारी दी थी। उनके जेल से बाहर आने के बाद जुलाई में चंपाई पद से इस्तीफा दे दिया था। 31 जनवरी को सीएम पद संभालने वाले चंपाई ने 3 जुलाई को इस्तीफा दिया था।

अगस्त में चंपाई ने एक चिट्ठी के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने सीएम पद से इस्तीफा लिए जाने के तरीके को आत्मसम्मान पर चोट बताया था।

### BJP को क्या फायदा?

चंपाई सोरेन JMM के सीनियर लीडर हैं। झारखंड के कोल्हान इलाके में उन्हें कोल्हान टाइगर कहा जाता है। कोल्हान की 14 विधानसभा सीटों पर चंपाई का प्रभाव है। अभी JMM के पास ऐसा कोई नेता नहीं है, जो चंपाई की बराबरी कर सके। हेमंत सोरेन जब जमीन घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल गए तो चंपाई को ही सीएम बनाया गया। BJP चंपाई की मौजूदगी में कोल्हान की 14 विधानसभा सीटों पर तो अपनी पकड़ मजबूत कर सकती है।

# पूरे देश में 5 दिन तक ठप रहेगी पासपोर्ट सेवा

## पहले के अपॉइंटमेंट भी करने होंगे रीशेड्यूल

**नई दिल्ली.** नए पासपोर्ट बनवाने जा रहे लोगों के लिए जरूरी खबर है। अब पासपोर्ट बनवाने के लिए 5 दिन अपॉइंटमेंट नहीं मिलेगा। 29 अगस्त की रात 8 बजे से 2 सितंबर की सुबह तक पूरे देश में पासपोर्ट विभाग का पोर्टल बंद रहेगा। पहले से किए गए आवेदन के बाद अगर आपको 30 अगस्त से 2 सितंबर के बीच अपॉइंटमेंट मिला है तो इसे किसी अन्य तारीख के लिए रीशेड्यूल करना पड़ेगा। ऐसे में न केवल दिल्ली के बल्कि देशभर के आवेदकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में लोग नए आवेदन भी नहीं कर सकेंगे। पासपोर्ट विभाग की ओर से जानकारी दी गई है कि तकनीकी कारणों की वजह से पांच दिन पोर्टल पर काम नहीं किया जा सकेगा। इससे न केवल पासपोर्ट सेवा केंद्र, बल्कि क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, आवेदकों का पुलिस सत्यापन और विदेश मंत्रालय में भी कामकाज प्रभावित होगा। पासपोर्ट विभाग ने काफी समय पहले पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट मिलने आवेदकों को जानकारी भेजी है।

### आवेदक प्रभावित होंगे

पासपोर्ट विभाग का पोर्टल बंद रहने की वजह से दिल्ली समेत अन्य राज्यों के आवेदकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। पासपोर्ट विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिन्होंने इस अवधि में ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले रखा था। वह अभी से किसी अन्य तारीख के लिए रीशेड्यूल कर सकेंगे। उन्हें नए सिरे से अपॉइंटमेंट नहीं लेना पड़ेगा। हालांकि, इस अवधि में लोग नए अपॉइंटमेंट के लिए आवेदन नहीं कर सकेंगे।

### भारत में 3 प्रकार के होते हैं पासपोर्ट

ब्लू कवर पासपोर्ट, मरून कवर पासपोर्ट और ग्रे कवर पासपोर्ट।

**ब्लू कवर पासपोर्ट** :- सामान्य पासपोर्ट (गहरे नीले रंग के कवर के साथ) - किसी भी भारतीय नागरिक को जारी किए जा सकते हैं।

**मरून कवर पासपोर्ट** :- राजनयिक पासपोर्ट (मरून रंग के कवर के साथ) - भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत राजनयिक/ सरकारी पद प्राप्त सदस्यों को जारी किए जाते हैं।

**ग्रे कवर पासपोर्ट** :- शासकीय पासपोर्ट (गहरे ग्रे रंग के कवर के साथ)- विदेश में प्रतिनियुक्त नामित सरकारी सेवकों या आधिकारिक असाइनमेंट पर सरकार द्वारा विशेष रूप से अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को जारी किए जाते हैं।

# रत्नागिरी में नर्सिंग स्टूडेंट से रेप

- ऑटो चालक ने पानी में नशीला पदार्थ मिलाया
- पीड़ित बोली- होश आया तो कपड़े फटे थे

**रत्नागिरी.** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस के बाद महाराष्ट्र के रत्नागिरी में नर्सिंग कॉलेज की स्टूडेंट से रेप का केस सामने आया है। यहां एक ऑटो ड्राइवर ने नशीला पदार्थ मिलाकर पीड़ित को बेहोश किया और जंगल में ले जाकर उसके साथ रेप किया। घटना सोमवार (26 अगस्त) की है। पीड़ित की उम्र 19 साल है।



उसने होश आने के बाद अपनी बहन को फोन कर घटना के बारे में बताया। घटना का पता चलते ही रत्नागिरी में लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं।

एसपी जयश्री गायकवाड़ ने अस्पताल में पीड़ित से घटना के बारे में जानकारी ली और केस दर्ज कर कराया। ऑटो ड्राइवर की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज जांचे जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऑटो का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

नर्सिंग स्टूडेंट ने बताया, ₹रविवार (25 अगस्त) को छुट्टी थी। मैं अपने घर देवरुख चली गई। हमेशा की तरह सोमवार (26 अगस्त) सुबह छह बजे की बस से देवरुख से रत्नागिरी पहुंची। सुबह करीब सात बजे वह रत्नागिरी के साल्वी स्टॉप पर उतरी।

कॉलेज जाने के लिए ऑटो रिक्शा लिया। रास्ते में ऑटो ड्राइवर ने पानी दिया, जिसे पीने के बाद मैं बेहोश हो गई। होश में आई तो देखा कि जंगल में मेरा सारा सामान बिखरा हुआ है। कपड़े फटे हैं। अपनी बहन को फोन कर घटना की जानकारी दी।'

### बाइक सवार की मदद से अस्पताल पहुंची

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद किसी तरह मेन रोड तक पहुंची। वहां बाइक सवार से मदद लेकर अपने फ्लैट पहुंची, जहां से हॉस्पिटल ले जाया गया।

# शराब नीति घोटाला केस में के. कविता को जमानत

**नई दिल्ली.** दिल्ली शराब नीति केस में आरोपी भारत राष्ट्र समिति (BRS) लीडर के कविता को सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को जमानत दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस केस में जांच पूरी हो चुकी है। ट्रायल के जल्द पूरा होने की उम्मीद नहीं है। के कविता 5 महीने से जेल में बंद हैं। महिला हैं और PMLA के सेक्शन 45 के तहत उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। इसी कोर्ट में कई आदेशों में कहा गया है कि अंडर ट्रायल कस्टडी को सजा में नहीं बदलना चाहिए।

तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता को ED ने 15 मार्च को हैदराबाद से अरेस्ट किया था। इसके बाद CBI ने उन्हें 11 अप्रैल को कस्टडी में लिया था। सुप्रीम कोर्ट ने CBI और ED दोनों केस में के कविता को जमानत दी है। इससे पहले के कविता 1 जुलाई को दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत के लिए गई थीं। कोर्ट ने कहा था कि वो मुख्य आरोपी हैं और जांच अभी अहम मोड़ पर है। अभी जमानत नहीं दी जा सकती है।

# बलूचों के हमले से थर्राया पाकिस्तान तो चीन-ईरान तक हलचल

पाकिस्तान में प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से जुड़े दर्जनों आतंकवादियों ने रविवार आधी रात को बलूचिस्तान में एक के बाद हमले किए। इससे प्रांत थर्रा उठा है। प्रांत में उग्रवादियों ने पुलिस थानों पर धावा बोला, रेलवे ट्रैक उड़ा दिए और करीब तीन दर्जन वाहनों में आग लगा दी जिसमें 14 सुरक्षाकर्मियों समेत कम से कम 50 लोगों की जान चली गई।

इस्लामाबाद में कैबिनेट की



बैठक में पीएम शहबाज ने कहा है कि देश के दुश्मनों की पहचान करने की जरूरत है और देशवासियों से एकता दिखाने की अपील की है। बैठक के दौरान शहबाज शरीफ ने जोर देकर कहा, ₹हमें मजबूती से आगे बढ़ना होगा। किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी।₹ प्रधानमंत्री ने कैबिनेट बैठक में कहा, बलूचिस्तान में कल हुई हालिया घटनाओं की जितनी भी निंदा की जाए कम है।₹ उन्होंने कहा, ₹इस आतंकवाद को खत्म करने का समय आ गया है।₹ उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में आतंकवादी घटनाओं में दर्जनों पाकिस्तानी मारे गए हैं जो इस बात का सबूत है कि देश आतंकवाद की एक नई लहर का सामना कर रहा है।



### हमलों का उद्देश्य पाकिस्तान के विकास को रोकना- शहबाज

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत चल रही परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ₹उनके नापाक इरादों का एकमात्र उद्देश्य पाकिस्तान के विकास को रोकना है। उन्होंने आगे कहा कि आतंकवादी पाकिस्तान और चीन के बीच दूरी पैदा करना चाहते थे। उन्होंने आगे कहा कि सरकार दूसरे खर्चों में कटौती की कीमत पर भी सुरक्षा बलों को मदद मुहैया कराएगी। बलूचिस्तान में आतंकवादी के प्रति सरकार के दृष्टिकोण के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री शहबाज ने कहा कि "पाकिस्तान के संविधान और झंडे को स्वीकार करने वालों" के साथ बातचीत की जा सकती है लेकिन आतंकवादियों और दुश्मनों के साथ नहीं।

# केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 सितंबर तक बढ़ी

- CM बोले- शुगर लेवल डाउन हो रहा
- CBI ने 14 दिन की कस्टडी मांगी थी

**नई दिल्ली.** दिल्ली शराब नीति से जुड़े CBI केस में CM अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 3 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। केजरीवाल तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि



उनका शुगर लेवल डाउन हो रहा है। इसी वजह से लंच करने की इजाजत मांगी है। CBI ने 14 दिन की ज्यूडिशियल कस्टडी की मांग की थी, लेकिन अदालत ने एक हफ्ते ही हिरासत बढ़ाई। इससे पहले 20 अगस्त को लोअर कोर्ट ने केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी थी।

दरअसल, दिल्ली हाईकोर्ट ने 5 अगस्त को केजरीवाल की CBI की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत के लिए लोअर कोर्ट जाने को कहा था। 23 अगस्त को CBI ने कोर्ट को बताया कि उन्हें शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर केस चलाने की मंजूरी मिल गई है।

# विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का नया शेड्यूल घोषित

- 6 अक्टूबर को इंडिया-पाकिस्तान मैच
- 18 दिन में 23 मुकाबले
- दुबई में होगा फाइनल

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का नया शेड्यूल घोषित कर दिया है। टूर्नामेंट 3 अक्टूबर से ही शुरू होकर 20 अक्टूबर तक चलेगा। भारत-पाकिस्तान मैच 6 अक्टूबर को दुबई में होगा। इसी स्टेडियम में फाइनल भी खेला जाएगा।

विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप पहले बांग्लादेश में खेला जाना था, लेकिन देश में हुए राजनीतिक तख्तापलट के बाद ICC ने टूर्नामेंट को UAE शिफ्ट कर दिया। अब शारजाह और दुबई में टूर्नामेंट के सभी मैच होंगे।

### भारत का पहला मैच न्यूजीलैंड से

3 अक्टूबर को बांग्लादेश और स्कॉटलैंड के बीच शारजाह में ओपनिंग मैच होगा। इंडिया विमेंस टीम 4 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ दुबई में अपना पहला मैच खेलेगी। टीम





फिर इसी मैदान पर 6 अक्टूबर को पाकिस्तान से भिड़ेगी। पाकिस्तान अपना पहला मैच 3 अक्टूबर को ही श्रीलंका से खेल लेगा।

### 10 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया

टूर्नामेंट में 10 टीमों को 5-5 के 2 ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप स्टेज के बाद पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वालीं 2-2 टीमों के बीच 17 और 18 अक्टूबर को 2 सेमीफाइनल होंगे। जबकि 20 अक्टूबर को दुबई में फाइनल खेला जाएगा।

शारजाह और दुबई में 18 दिन के अंदर के 23 मैच खेले जाएंगे। 13 दिन में ग्रुप स्टेज के 20 मैच होंगे, जिनमें से 7 दिन डबल हेडर भी रहेंगे। डबल हेडर यानी एक दिन में 2 मैच। आखिरी 5 दिन में 3 नॉकआउट मैच खेले जाएंगे। 17 अक्टूबर को पहला सेमीफाइनल दुबई और 18 अक्टूबर को दूसरा सेमीफाइनल शारजाह में होगा। 20 अक्टूबर में दुबई में ही फाइनल होना है।

### ग्रुप-ए में है भारत

इंडिया विमेंस टीम को पाकिस्तान के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। इस ग्रुप में डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका भी हैं। टीम इंडिया 9 अक्टूबर को श्रीलंका से दुबई और 13 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से शारजाह में भिड़ेगी। ग्रुप स्टेज का आखिरी मैच 15 अक्टूबर को इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच होगा। दोनों टीमें ग्रुप-बी में हैं। इस ग्रुप में बांग्लादेश, स्कॉटलैंड और साउथ अफ्रीका भी है। साउथ अफ्रीका पिछली रनर-अप है, टीम को अपने ही होमग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था।

## स्कूल में चल रहा था 'गुड टच-बैड टच सेशन'

# बच्ची ने बताई अपने साथ रेप की बात

**पुणे.** पुणे के एक स्कूल में 10 साल की लड़की बातें सुन हर कोई शॉक रह गया। स्कूल में 'गुड टच-बैड टच सेशन' के दौरान लड़की ने बताया कि एक 67 साल के शख्स ने उसका रेप किया है। लड़की के मुताबिक वह शख्स का घर उसी रास्ते पर है, जिधर से वह स्कूल आती है। मामला सामने आते ही स्कूल प्रशासन ने लड़की के पैरेंट्स से कांटैक्ट किया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद ग्रामीण पुलिस ने उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। स्कूल में गुड टच-बैड टच पर यह सेशन बच्चों को अवेयर करने के लिए आयोजित किया गया था। इस केस में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। जानकारी के मुताबिक घटना पुणे सिटी से 15 किमी दूर स्थित एक गांव की है। एक पुलिस ने बताया कि मासूम बच्ची की काउंसिलिंग



कराई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक यह घटना 23 अगस्त को सुबह 11 बजे हुई। उस वक्त लड़की स्कूल जा रही थी। जांच में सामने आया है कि घटना से कुछ दिन पहले बुजुर्ग ने बच्ची को चॉकलेट दी थी। घटना वाले दिन जब वह बच्ची स्कूल जा रही थी तो बुजुर्ग उसे घर के अंदर लेकर चला गया। इसके बाद उसने मासूम का रेप कर दिया। इसके अगले ही दिन बच्ची के स्कूल में 'गुड टच-बैड टच' को लेकर सेशन था। इसी दौरान लड़की ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। अब चार दिन के लिए उसे पुलिस कस्टडी में रखा गया है।

पुलिस ने बताया कि वह शख्स बेरोजगार है और अकेले रहता है। मामले में आगे की जांच जानकारी है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत बलात्कार से संबंधित प्रावधान और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों को लागू किया है। गौरतलब है कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर के रेप और मर्डर के बाद पूरे देश में गुस्से का माहौल है। इसके बाद बदलापुर के स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण की घटना सामने आई है। वहीं, असम के नागांव में ट्यूशन से लौट रही बच्ची के साथ गैंगरेप का मामला भी सामने आया है।

### दरिंदे ने यूज की थी कमिश्नर के नाम रजिस्टर्ड बाइक, कोलकाता केस में चौंकाने वाला खुलासा

**कोलकाता.** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप और मर्डर केस में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। जानकारी के मुताबिक घटना की रात संजय रॉय ने जो बाइक इस्तेमाल की थी वह कोलकाता पुलिस कमिश्नर के नाम पर रजिस्टर्ड है। इसके बाद कई सवाल उठ खड़े हुए हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि उस दिन संजय ने पुलिस का हेलमेट भी पहना था।

# गाजा का आखिरी अस्पताल भी बंद

- इजरायली हमले के डर से भागे लोग
- स्ट्रेचर पर पड़े मरीज

**तेल अवीव.** फिलिस्तीन के गाजा पट्टी इलाके में चल रहा आखिरी अस्पताल भी अब बंद हो गया है। बीते कुछ दिनों में इस अस्पताल को बंद कर दिया गया है और यहां भर्ती सारे मरीजों को बाहर भेजा जा रहा है। इसकी वजह यह है कि इजरायल ने इलाके को खाली करने का आदेश दिया है और उसके बाद से ही लोग छोड़कर जा रहे हैं। इजरायल के इस आदेश से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वह नए सिरे से जमीनी ऑपरेशन शुरू कर सकता है। गाजा पट्टी पर इसके साथ ही चल रहा आखिरी अस्पताल भी बंद हो रहा है। अल-अक्सा शहीदी अस्पताल सेंट्रल गाजा के मुख्य चिकित्सा केंद्रों में से एक था।

अभी तक इजरायली सेना ने हमला शुरू नहीं किया है, लेकिन स्थानीय लोगों को डर है कि किसी भी वक्त अटैक हो सकता है। ऐसी स्थिति हुई तो फिर बच निकलना मुश्किल होगा। इससे पहले सोमवार को भी इजरायल ने गाजा और खान यूनिस पर हमले किए थे, जिसमें कम से कम 19 लोग मारे गए थे। वहीं लेबनान सीमा पर अलग युद्ध चल रहा है। हिजबुल्लाह ने रॉकेट और मिसाइलों से इजरायल पर हमला बोला तो वहीं इजरायल ने भी लेबनान को टारगेट करके हमले किए हैं।

## आम सूचना

मैं श्री जोबायेर अख्तर काझी इस आम सूचना द्वारा सभी को सूचित कर रहा हूं कि मानव गोल्ड कॉम्प्लेक्स, शॉप नं. 2, पहला माला, बैरक नं. 349/बी, सोनारा गली, उल्हासनगर- 421002, इस जायदाद के बिक्री का सौदा मैंने श्री प्रभाती राजू मल के साथ किया है। अगर उपरोक्त जायदाद के बारे में किसी हिस्से के लिए किसी भी व्यक्ति को मोरोसी हक, वास्ता जैसे कि बिक्री नामा, गिरवी नामा, बक्षीस नामा, वसीयत नामा व कब्जा इत्यादि हो तो अथवा किसी भी व्यक्ति या संस्था/बैंक को ऐसे दूसरे किसी किस्म की आपत्ति (ऐतराज) हो वह लेखी में पूरे सबूतों के साथ इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पत्ते पर अपनी आपत्ति सबूतों के साथ समय पर भेजे। अन्यथा दूसरी हालत में आम सूचना के समय पूरे होने के बाद उपरोक्त कोई भी आपत्ति या दावा सुना नहीं जाएगा।

सही/-

**श्री जोबायेर अख्तर काझी**

## आम सूचना

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती शैला दीपक जाधव सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री दीपक शंकर जाधव का देहांत 15 जुलाई 2024 को हो गया है. उनके नाम पर ऑटो रिक्शा नं. एमएच05 डीजेड 2854 है और परमिट नं. 3417/UNR जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है.

उपरोक्त ऑटो रिक्शा पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित के 14 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा रिक्शा नं. एमएच05 बीजी 5042 मेरे श्रीमती शैला दीपक जाधव के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

**श्रीमती शैला दीपक जाधव**

बैरक नं. 1092 के पीछे, संतोष नगर,

शिवसेना आफीस लेन 2, उल्हासनगर-3

## संक्षेप...

### कालबादेवी में एक मकान ढहने से दो लोगों की मौत

**मुंबई.** मुंबई के कालबादेवी में एक मकान ढहने से दो लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों के अनुसार, एक कंपाउंड की दीवार बगल के मकान पर गिर गई। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शहर के चरनी रोड इलाके में चिरा बाजार स्थित गांधी बिल्डिंग में हुई। लगभग पांच से सात फीट ऊंची और 30 फीट लंबी परिसर की दीवार पड़ोसी घर पर गिर गई, जिससे काफी नुकसान हुआ। 108 एम्बुलेंस और वार्ड कर्मियों मौके पर मौजूद सी वार्ड के जूनियर इंजीनियर के बयान के अनुसार, गिरने से आस-पास काम कर रहे श्रमिकों के घायल होने की संभावना है।

# ‘तेज हवा से शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरी’

- कॉन्ट्रेक्टर समेत दो पर FIR
- मोदी ने 8 महीने पहले मूर्ति का उद्घाटन किया था



**सिंधुदुर्ग.** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सिंधुदुर्ग में छत्रपति शिवाजी महाराज की 8 महीने पुरानी प्रतिमा गिरने के पीछे तेज हवाओं को जिम्मेदार ठहराया है। शिंदे ने सोमवार (26 अगस्त) देर शाम कहा कि 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही थी, जिससे प्रतिमा गिर गई।

CM ने कहा- नेवी ने शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा की डिजाइनिंग और कंस्ट्रक्शन कराई थी। हम इसे दुबारा मजबूत तरीके से बनाएंगे। PWD और नेवी के अधिकारी मंगलवार (27 अगस्त) को सिंधुदुर्ग जाकर घटना की जांच करेंगे।

तटीय सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में बनी शिवाजी महाराज की प्रतिमा सोमवार (26 अगस्त) दोपहर 1 बजे गिर गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 4 दिसंबर, 2023 को नेवी डे पर इसका उद्घाटन किया था। पुलिस ने मामले में कॉन्ट्रेक्टर जयदीप आप्टे और स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल के खिलाफ FIR दर्ज की है।

### PWD मंत्री बोले- नेवी को स्टील में जंग लगने की जानकारी दी थी

महाराष्ट्र सरकार में PWD मंत्री और भाजपा नेता रवींद्र चव्हाण ने बताया कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा की स्थापना के लिए महाराष्ट्र सरकार ने नेवी को 2.36 करोड़ रुपए दिए थे। हालांकि, प्रतिमा बनाने वाले आर्टिस्ट के चयन, उसके डिजाइन की पूरी प्रक्रिया नेवी ने की थी।

चव्हाण ने बताया कि 8 सितंबर, 2023 को प्रतिमा बनाने का ऑर्डर दिया गया था। प्रतिमा में इस्तेमाल किए गए स्टील में जंग लगना शुरू हो गया था। PWD ने पहले ही नेवी के अधिकारियों को पत्र लिखकर इसकी जानकारी दी थी और उनसे ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए थे।

### नेवी ने जांच के लिए टीम नियुक्त की

इंडियन नेवी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने की घटना के जांच के आदेश दिए हैं। नेवी ने सोमवार (26 अगस्त) देर रात एक बयान जारी किया।

इसमें कहा गया, 'हमने प्रतिमा गिरने के कारण की तुरंत जांच करने और जल्द से जल्द मूर्ति की मरम्मत और फिर से उसकी स्थापना के लिए एक टीम नियुक्त की है।'

# ठाणे में गोविंदा की धूम

- शहर की सभी सड़कों पर गोविंदाओं की भीड़

उल्हास विकास संवाददाता



**ठाणे.** कृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन दहीहंडी का उत्सव ठाणे में स्वर्गीय धर्मवीर आनंद दिघे ने मानाचा दहीहंडी की शुरुआत टेंभीनाका पर शुरू किया था आज भी वह परंपरा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जारी रखा है। शहर में छोटी बड़ी मिलाकर 1 हजार 354 हंडी बांधी गई है। गोविंदा पथक ट्रक, बस, टेंपो, मोटरसाइकिल पर सवार होकर बड़ी संख्या में दिखाई दिये। टेंभीनाका में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ में मंच पर सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, गोविंदा सहित कई फिल्मी सितारे मौजूद रहे गोविंदा ने हर हर महादेव का जयकारा लगाया। मीडिया से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि विधानसभा चुनाव की हंडी महायुति फोड़ेगी।संकल्प प्रतिष्ठान के दहीहंडी में चंकी पांडे, अमीषा पटेल, राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस प्रतिष्ठान के अध्यक्ष रविंद्र फाटक का सरहाना करते हुए गोविंदा पथको को शुभकामनाएं दी।टेंभीनाका उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का सत्कार सांसद नरेश म्हस्के ने किया इस अवसर पर विधायक संजय केलकर भी मंच पर उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी कहा 2024 में सत्ता की दहीहंडी हम ही फोड़ेंगे। केसर मिल नाका पर भाजपा कृष्णा पाटील के शारदा संकल्प प्रतिष्ठान की गोकुल दहीहंडी में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, विधायक निरंजन डावखरे उपस्थित थे।वही हीरानंदानी मेडोज में भाजपा के शिवाजी पाटील के स्वामी फाउंडेशन, नौपाडा भगवती मैदान में मनसे के अविनाश जाधव, वर्तक नगर में विधायक प्रताप सरनाईक के संस्कृती दहीहंडी में जय जवान गोविंदा पथक ने दस थर का किया प्रयास। कोकण नगर गोविंदा व जय जवान गोविंदा ने मनसे की दहीहंडी व संस्कृती के हंडी में लगाया नौ थर। महिला गोविंदा पथकों ने भी हंडी के लिए किया प्रयास।

# केंद्रीय प्रशासनिक भवन निर्माण के लिए 23 करोड़ की निधि मंजूर

- भाजपा विधायक महेश चौघुले का प्रयास लाया रंग

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम बीजेपी विधायक महेश चौघुले ने शहर में बिखरे हुए राजस्व विभाग के कार्यालय को एक भव्य इमारत में बनाने के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे,उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और लोक निर्माण मंत्री रवीन्द्र चव्हाण से भिवंडी शहर में केंद्रीय प्रशासनिक भवन बनाने के लिए निवेदन देने के साथ व्यक्तिगत भेंट कर आग्रह किया.विधायक चौघुले की मेहनत रंग लाई. शासन ने तालुका तहसीलदार कार्यालय और अन्य सरकारी कार्यालयों के लिए एक केंद्रीय प्रशासनिक भवन के निर्माण के काम को मंजूरी देकर 23 करोड़ का फंड मंजूर किया है.

गौरतलब हो कि भिवंडी शहर में तहसीलदार कार्यालय सहित कई सरकारी कार्यालय अपर्याप्त पुराने भवनों की जगह में सघन रूप से चल रहे हैं. शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के कई नागरिक जब सरकारी काम से शहर आते हैं तो उन्हें यह पता लगाने के लिए भागदौड़ करनी पड़ती है कि कार्यालय कहां है.आपूर्ति विभाग, भूमि अभिलेख, मंडल और तलाठी कार्यालय, चुनाव कार्यालय, पंजीकरण कार्यालय सहित तहसीलदार कार्यालय विभिन्न स्थानों पर स्थित हैं. तालुका के गतिशील विकास और नागरिकों को उचित सुविधाएं प्रदान करने के लिए जिम्मेदार सरकारी कार्यालय जीर्ण-शीर्ण और खतरनाक स्थानों पर चल रहे हैं. जिसके कारण सरकारी अधिकारियों को अपने काम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.केंद्रीय भवन निर्माण के लिए शहर राशन कार्यालय के पास स्थित गंगा, जमुना, सरस्वती सरकारी आवासीय भवनों की जगह उपलब्ध कराई गई है. विधायक महेश चौघुले ने लोक निर्माण विभाग भिवंडी उप-अभियंता दत्तू गीते और अन्य अधिकारी के साथ निर्माण स्थल का निरीक्षण किया.

उक्त संदर्भ में विधायक महेश चौघुले ने बताया कि, प्रशासनिक भवन भव्य और अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा. केंद्रीय प्रशासनिक कार्यालय भवन में पंजीकरण, आपूर्ति विभाग और तालुका के विभिन्न हिस्सों में फैले छोटे और बड़े सरकारी कार्यालयों के साथ-साथ तहसीलदार कार्यालय भी होगा जिससे नागरिकों का महत्वपूर्ण समय, पैसा बचेगा और सरकारी काम तेजी से होगा.

# वाशी में सिंधी यूथ मंडल द्वारा चालीहा साहेब मेला आज





- कमल फ्रूट वाला द्वारा लंगर की व्यवस्था

**उल्हासनगर.** नवी मुंबई के वाशी स्थित एपीएमसी में स्थानीय व्यापारियों व सिंधी यूथ मंडल द्वारा आयोजित पूज्य चालीहा साहेब पर्व आज बुधवार 28 अगस्त 2024 को पूरा होने जा रहा है। इस चालीहा साहेब मेले में हमेशा की तरह उल्हासनगर के भाऊ लीलाराम झुलेलाल मंडली विशेष रूप से उपस्थित रहेगी।

मिली जानकारी के अनुसार एपीएमसी मार्केट में दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक गीत संगीत का कार्यक्रम होगा। उसके बाद मंडली द्वारा एपीएमसी मार्केट से बैंड बाजों के साथ विशेष झांकियां ढोल ताशों के साथ भव्य जुलूस निकाला जाएगी। शाम 4 बजे से शुरू यह जुलूस वाशी स्थित सागर विहार तालाब में समाप्त होगा। जहां पवित्र बहराणा साहेब झूलेलाल की आराधना के साथ विसर्जित किया जाएगा। भाऊ लीलाराम मंडली ने लोगों से अपील की है कि दोपहर 12 बजे बसों का प्रबंध किया गया है जिन भक्तों को चालीहा साहेब में शामिल होना है वो बस की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। हर साल की तरह इस साल भी इसका आयोजन मंडल प्रमुख किशनचंद व हरेशलाल ने किया है। यहां शामिल होंगे भाऊ लीलाराम, हरगुन मूलचंदानी, मनोहर (टोनी), महेंद्र, रामचंद्र, नारायणदास, प्रवीण, सेवा में नरेशलाल कारीरा, कमल (फ्रूट वाला), सूरज और सागर कारिरा, लोकूमल, मोहनदास पमनानी, खुशी पमनानी, भोजराज आडवाणी, कमलेश (कपिल) ताराचंदानी, विजय (विजू) रोचानी, गोपालदास मंगतानी, घनश्यामदास आडवाणी, भरत, संदीप वजीरानी, मुरलीधर राजानी, शंकर तलरेजा, महेश, दयाल गाबरा, तुलसी (पप्पू) बठिजा, महेश, परशोतम करीरा, प्रकाश चावला, नंदलाल, भाटिया, लाल डोडेजा, महेश देवनानी, हरेश वाधवा, राजा माखीजा, राजेश चुग व अन्य उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में कमर फ्रूट वाला द्वारा लंगर प्रसाद का प्रबंध भी किया गया है।

### मुंबई सहित कई राज्यों में बारिश की चेतावनी

**मुंबई.** पूरे देश में जोरदार बारिश हो रही है. कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश हो रही है, जिससे हालात बेहद खराब हो गए हैं और कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति हो गई है. इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. आईएमडी ने खासकर शहरी इलाकों में बाढ़, सड़क बंद होने और जलभराव की भी चेतावनी दी है. मौसम विभाग ने कहा कि कि उत्तर-पश्चिमी मध्यप्रदेश और उससे सटे पूर्वी राजस्थान पर बना दबाव का क्षेत्र अधिक दबाव वाले क्षेत्र में परिवर्तित हो गया है जिसके कारण अगले दो-तीन दिन में दोनों राज्यों के अलावा गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी से अत्यधिक भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है.

# 31 अगस्त तक आवेदन करने वाली बहनों को सितंबर में मिलेगी इकट्ठा रकम

**लड़की बहिन योजना को लेकर देवेन्द्र फड़णवीस का बयान**

**मुंबई.** राज्य के वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने बजट सत्र में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना की घोषणा की। यह योजना एक जुलाई से शुरू हो चुकी है और 74 लाख पात्र महिलाओं के खाते में तीन-तीन हजार रुपये जमा किये जा चुके हैं. साथ ही अगस्त माह में आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या भी बढ़ रही है। इस संबंध में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने खास जानकारी दी है. वह यवतमाल में आयोजित महिला सशक्तिकरण मिशन के तहत 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना' सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि "अगर हमें अपनी बहनों से इतना शुद्ध प्यार मिलता है, तो हमें उनके साथ खड़े होने के लिए कुछ करना चाहिए। आप यह मत कहिए कि 10 प्रतिशत लोगों को भी लाभ नहीं मिलेगा और अब डेढ़ करोड़ बहनों को इसके लिए पैसा मिल रहा है। सवा करोड़ खाते में तीन हजार रुपये गये हैं. बाकी खाते में भी पैसा जाना शुरू हो गया है. अगर आपका फॉर्म लेट हो गया है तो चिंता न करें, 31 अगस्त तक फॉर्म भरने वाले सभी आवेदकों को जुलाई, अगस्त और सितंबर तीन महीनों का भुगतान सितंबर महीने में कर दिया जाएगा। कोई भी बहन को वंचित नहीं करेगा".



### मारिजुआना तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**मुंबई.** मुंबई एयरपोर्ट कस्टम अधिकारियों ने बैंकॉक से 5 करोड़ रुपये की मारिजुआना तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एजेंसी के अधिकारियों ने इस खेप के दो रिसीवर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यात्री के चेक इन बैगेज में रखे नाश्ते के अनाज के डिब्बों में मादक पदार्थ छिपा हुआ पाया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दिल्ली निवासी यूसुफ नूर और केरल निवासी अब्दुल सबीथ और समीर के रूप में हुई है। कस्टम सूत्रों के अनुसार यूसुफ नूर शनिवार को बैंकॉक से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचे थे।

# भिवंडी माहेश्वरी समाज ने मनाई पारंपरिक जन्माष्टमी



**भिवंडी.** भिवंडी शहर में अपार भक्ति भाव और धूमधाम से जन्माष्टमी का पावन त्यौहार मनाया गया. बाजारपेठ स्थित श्री गोपाल कृष्ण मन्दिर एवम मानसरोवर इस्कान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों द्वारा धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव महोत्सव मनाया गया.

बाजार पेठ स्थित श्री गोपाल कृष्ण मंदिर में श्री माहेश्वरी समाज द्वारा प्रति वर्ष की भांति आकर्षक सुमनों से नेत्र दीपक सजावट सहित मंदिर में भव्य झूले पर श्री कृष्ण भगवान की मनमोहक छबि विराजमान की गई.मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ की मौजूदगी में भजन गायक मनीष टावरी और मोहन राठी और वृंद ने मधुर भजन संध्या प्रस्तुति कर भक्तों को भावविभोर कर दिया.रात्रि 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया.श्री गोपाल कृष्ण मन्दिर ट्रस्ट, श्री माहेश्वरी मंडल सहित सहयोगी भक्तों के सहयोग से गत 65 वर्षों से जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जाता है.उक्त जानकारी श्री गोपाल कृष्ण मन्दिर ट्रस्टी समाजसेवी देवकिशन करवा ने दी. जन्माष्टमी कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु माहेश्वरी, अग्रवाल, गुजराती और महाराष्ट्रीयन समाज का अमूल्य योगदान रहा. वराल देवी तालाब के समीप स्थित मानसरोवर स्थित इस्कान मंदिर में जन्माष्टमी का महोत्सव धूमधाम, भव्यता से भक्तों द्वारा जय गोपाला, जय श्री कृष्ण उद्गार के साथ मनाया गया. जन्मष्टमी का महोत्सव देखने की खातिर दूर दूर से भक्त जनों की भारी भीड़ इस्कान मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन के लिए आई थी.




# कंगना रनोट का सिर कलम करने की धमकी





- बोला- संत भिंडरावाले के लिए सिर कटवा और काट भी सकते हैं

माचल प्रदेश के मंडी से BJP सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट को इमरजेंसी में संत जरनैल सिंह भिंडरावाले को दिखाने को लेकर सिर कलम करने की धमकी दी गई है। इस संबंध में सोशल मीडिया पर कंगना के एक फैन ने वीडियो पोस्ट किया।

जिसमें कुछ निहंग बैठे हुए हैं। उनके साथ बैठा विक्की थॉमस सिंह कंगना रनोट को धमकी दे रहा है। इस वीडियो पर कंगना रनोट ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने महाराष्ट्र के डीजीपी, हिमाचल और पंजाब की पुलिस को टैग करते हुए कार्रवाई की मांग की।

### विक्की थॉमस ने धमकी देते हुए क्या कहा...

वायरल वीडियो में विक्की थॉमस धमकाते हुए कह रहा है- "इतिहास को बदला नहीं जा सकता। अगर आतंकवादी दिखाया गया तो अंजाम के लिए तैयार हो जाना। जिसकी फिल्म कर रही है, उसकी क्या सेवा होगी। सतवंत सिंह व बेअंत सिंह (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर गोलियां बरसाने वाले) कौन थे, वे रोल भी करने के लिए तैयार हो जाना। ये मैं दिल से बोल रहा हूं, क्योंकि उंगली जो हमारी तरफ करता है, वे उंगली ही झटका (काट) देते हैं हम। वो संत (जरनैल सिंह भिंडरांवाला) के लिए हम अपना सिर कटवा भी देंगे। अगर सिर कटवा सकते हैं तो काट भी सकते हैं।"













यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099